

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से......

*1 नवंबर, 2022*

*प्रिय साथियों,*

एक पुरानी कहावत है कि ''एक सपना जादू से हकीकत नहीं बन सकता; इसमें पसीना, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत लगती है। ''एनएचपीसी लगातार तेजी से प्रगति कर रही है, हम सभी को यह दृढ़ विश्वास होना चाहिए कि केवल हम सभी के समर्पित प्रयासों के माध्यम से ही एनएचपीसी और अधिक ख्याति प्राप्त करेगी।

यह वास्तव में एनएचपीसी के लिए बड़े सम्मान की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने 05.10.2022 को बिलासपुर जिले के बंदला में गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज का उद्‌घाटन किया। इस कॉलेज को सीएसआर के तहत एनएचपीसी द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।

भारत में नेपाल के माननीय राजदूत, माननीय डॉ. शंकर शर्मा के साथ श्रीमती नीता पोखरेल आर्यल, मंत्री (आर्थिक) और श्री बद्री प्रसाद तिवारी, काउंसलर ने दिनांक 21.10.2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में अपने दौरे से एनएचपीसी को गौरवान्वित किया। मुलाकात के दौरान नेपाल में एनएचपीसी की पहलों और परियोजनाओं के संबंध में माननीय राजदूत के साथ विचार–विमर्श किया गया। गणमान्य अतिथियों को एनएचपीसी की क्षमताओं और विशेषज्ञता से भी अवगत कराया गया। गणमान्य अतिथियों ने एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में स्थापित पूर्व चेतावनी प्रणाली, विद्युत उत्पादन निगरानी के लिए मास्टर कंट्रोल रूम और अनुभव केंद्र का भी दौरा किया। माननीय डॉ. शंकर शर्मा, राजदूत ने नेपाल में जलविद्युत विकास में एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और एनएचपीसी को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

भारतीय आयुध निर्माणी सेवा (आईओएफएस), 1998 बैच के अधिकारी, श्री प्रेम प्रकाश जिन्होंने 20.10.2022 को मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), एनएचपीसी का अतिरिक्त प्रभार संभाला है, का स्वागत करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। वर्तमान में, श्री प्रेम प्रकाश सीवीओ, एसजेवीएनएल का पदभार भी संभाल रहे हैं। एसजेवीएनएल में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व, श्री प्रेम प्रकाश, उप महानिदेशक, विधि प्रकोष्ठ, आयुध निदेशालय (समन्वय एवं सेवाएं), कोलकाता के पद पर कार्यरत थे।

एनएचपीसी ने दिनांक 19.09.2022 को वित्त वर्ष 2021–22 के लिए भारत सरकार को 356.34 करोड़ रुपए का अंतिम लाभांश का भुगतान किया। श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार की उपस्थिति में, दिनांक 21.10.2022 को श्री आर.के. सिंह, माननीय केन्द्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री को लाभांश भुगतान बैंक एड्वाइस सौंपी गई।

आपको यह जानकर खुशी होगी कि हमारी निर्माणाधीन परियोजनाओं में कार्य अच्छी तरह से चल रहा है। सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना ने अक्टूबर 2022 के दौरान यूनिट # 1 और 2 की यूनिट कंट्रोल सिस्टम, एक्साइटेशन सिस्टम और यूनिट प्रोटेक्शन सिस्टम तैयार करने के साथ इलेक्ट्रो–मैकेनिकल उपकरणों की स्थापना और परीक्षण करके एक प्रमुख उपलब्धि हासिल की। इसके अतिरिक्त, परियोजना की अत्याधुनिक स्काडा प्रणाली भी चालू की गई है। 624 मेगावाट की कीरू और 120 मेगावाट की रंगित–IV जलविद्युत परियोजनाओं में मानसून के बाद बांध के निर्माण कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए नदी का डायवर्जन भी पूरा किया गया है। दिनांक 27.10.2022 को रंगित–प्ट जलविद्युत परियोजना में ब्लॉक नंबर 6 (स्पिलवे बे नंबर 4) के ट्रूनियन बीम की कंक्रीटिंग शुरू की गई।

हमारे पावर स्टेशन भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और 94.2 मेगावाट की टनकपुर पावर स्टेशन ने 1992 में अपनी स्थापना के बाद से 2.517 मिलियन यूनिट का उच्चतम दैनिक उत्पादन हासिल किया है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एनएचपीसी ने 11.11.2021 को पूर्व में हासिल सबसे तेज विद्युत उत्पादन की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में 28.10.2022 को अब तक का सबसे तेज 20000 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन हासिल किया है। हमें अपने ईमानदार प्रयासों के साथ प्रदर्शन करना जारी रखना चाहिए और विभिन्न लक्ष्यों पर अपने उद्देश्य एवं ध्यान को स्थिर रखना चाहिए।

मैं श्री पी. एस. तमांग, माननीय मुख्यमंत्री, सिक्किम से मिला और उन्हें 520 मेगावाट की तीस्ता–IV जल विद्युत परियोजना की स्थिति से अवगत कराया। श्री वी.बी पाठक, मुख्य सचिव, सिक्किम भी इस चर्चा के दौरान उपस्थित थे। माननीय मुख्यमंत्री ने परियोजना की शीघ्र मंजूरी के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

एनएचपीसी ने अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया, जिसमें 18.10.2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में साइबर सुरक्षा पर एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। सत्र के दौरान, साइबर स्पेस को सुरक्षित रखने में उभरती चुनौतियों और स्वायत्त साइबर स्पेस की सुरक्षा में भारत सरकार की विभिन्न पहलों पर चर्चा की गई।

**इस माह की अन्य मुख्य विशेषताएं हैं:**

- एनएचपीसी के सभी लोकेशनों पर दिनांक 31.10.2022 से दिनांक 06.11.2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।
- एनएचपीसी ने अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की प्रतिबद्धता के साथ विशेष स्वच्छता अभियान 2.0 की शुरुआत की। दिनांक 02.10.2022 को निगम मुख्यालय में एक विशेष वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।
- एनएचपीसी ने दिनांक 02.10.2022 को फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 के तहत विभिन्न स्थानों पर प्लॉग रन का आयोजन किया। इस अभियान के दौरान, एनएचपीसी के कार्मिकों द्वारा एनएचपीसी के लोकेशनों के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों में स्वच्छता बनाए रखने के साथ–साथ फिटनेस पर भी संदेश दिया गया।
- आईसीएआर–डीसीएफआर, भीमताल और मत्स्य पालन निदेशालय, अरुणाचल प्रदेश सरकार ने सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की मत्स्य प्रबंधन योजना के लिए परामर्श प्रदान करने के लिए एनएचपीसी अधिकारियों की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- अक्टूबर 2022 के महीने के दौरान राजस्व संग्रह 927.85 करोड़ रुपए रहा और अक्टूबर 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 5083.04 करोड़ रुपए था।
- अक्टूबर 2022 के अंत तक एनएचपीसी की सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 20134 मिलियन यूनिट था।

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि हम 7 नवंबर 2022 को अपना 48वां स्थापना दिवस मनाएंगे, आइए हम सभी पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ एनएचपीसी की सेवा करने का संकल्प लें। गुरु नानक जयंती के शुभ अवसर पर, मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को बधाई देता हूं।

आपका,

(वाई.के.चौबे)
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक



# FROM CMD'S DESK

*$1^{st}$ November, 2022*

***Dear Colleague,***

It as an age old saying that "A dream doesn't become reality through magic; it takes sweat, determination and hard work." As NHPC continues to move forward, all of us must realize that it is only through the joint effort of each and every one of us, that NHPC will achieve newer and greater heights of glory. It has indeed been a great honour for NHPC that Hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi inaugurated the Government Hydro Engineering College at Bandla in Bilaspur district on 05.10.2022, which is being funded by NHPC under CSR.

It is my great pleasure to welcome Shri Prem Prakash, an officer from Indian Ordnance Factories Service (IOFS), 1998 batch, who has taken over the additional charge of the post of Chief Vigilance Officer (CVO), NHPC on 20.10.2022. Presently, Shri Prem Prakash is also holding the post of CVO, SJVNL. Prior to joining SJVNL, Shri Prem Prakash was posted as Deputy Director General of Legal Cell, Directorate of Ordnance (Coordination & Services), Kolkata.

NHPC had the honour of the visit of His Excellency Dr. Shankar Sharma, Hon'ble Ambassador of Nepal to India accompanied by Mrs. Nita Pokhrel Aryal, Minister (Economic) and Mr Badri Prasad Tiwari, Counsellor visited NHPC Corporate Office at Faridabad on 21.10.2022. During the visit deliberations were held with the Ambassador on NHPC's initiatives and projects in Nepal. The visiting dignitaries were also apprised in the area of hydropower development and about NHPC's capabilities & expertise. The dignitaries also visited Master Control Room for Early Warning System & Generation Monitoring and the Experience Centre at NHPC Corporate Office, Faridabad. His Excellency Dr. Shankar Sharma, Ambassador appreciated NHPC's efforts in taking up the development of hydropower development in Nepal and assured full cooperation to NHPC.

NHPC had paid a final dividend of Rs 356.34 Crore to Government of India for the F.Y. 2021-22 on $19^{th}$ September 2022. The dividend payout bank advice was presented to Shri R.K. Singh, Hon'ble Union Minister of Power, New and Renewable Energy on $21^{st}$ October 2022 in the presence of Shri Alok Kumar, Secretary (Power), Government of India.

You will be glad to know that work is progressing well at our under construction projects. We have made good progress at 2000 MW Subansiri Lower Project which achieved significant milestones during October 2022. The Unit local boards of Unit 1 and Unit 2 were successfully commissioned and the commissioning tests on excitation system of Unit-1 & 2 of the Project were also performed in this period. The Unit Protection System of the project and the state-of-the-art SCADA system of the project have also been commissioned. The project also has achieved major milestones in the erection and testing of Electro-mechanical equipment with the readiness of Unit Control System, Excitation System & Unit Protection System. The Project also started erection works of 400 kV pothead yard equipment and also achieved excavation breakthrough in Vertical Surge Shaft No.-6 on 22.10.22. The completion of Overt concrete lining in Head Race Tunnel No 2 of the project was also achieved during October 2022.

The Concreting of Trunnion beam of Block No.6 (Spillway bay no.4) was started at 120 MW Rangit-IV HE Project on 27.10.22 and post monsoon River diversion has also been accomplished.

Our power stations are also performing well and the 94.2 MW Tanakpur Power Station achieved its highest ever daily generation of 2.517 Million Unit (MU) since its commissioning in 1992. I am delighted to inform that NHPC has achieved its highest ever Quarterly power generation of 10138.26 Million Units in Q2 of current Financial Year. The previous highest Quarterly Power Generation was 10095.7 Million Units in Q2 of FY 21-22.

We must continue to perform with our most sincere efforts and keep our aim and focus steady at our various goals and targets.

NHPC observed October 2022 as National Cyber Security Awareness Month wherein a special awareness session on Cyber Security was organized on 18.10.2022 at NHPC Corporate Office, Faridabad. During the session, the emerging challenges in keeping cyberspace secured and various Government of India initiatives in protecting sovereign cyber space were discussed.

**Other Highlights of the month are:**

- NHPC commenced cleanliness Special Campaign 2.0 with commitment to make the surrounding clean and healthy. A special plantation & cleanliness drive was also undertaken at Corporate office on 2.10.2022.
- NHPC organized Plogrun at various locations under Fit India Freedom Run 3.0 on 2.10.22. During this campaign the message on fitness along with maintenance of cleanliness was spread across by NHPC employees to the local people around NHPC locations.
- ICAR-DCFR, Bhimtal & Directorate of Fisheries, Govt of Arunachal Pradesh signed an MoU in presence of NHPC officials for providing Consultancy for Fisheries Management Plan of Subansiri Lower HEP.
- The revenue collection during the month of October 2022 stood at Rs 927.85 crores and the total cumulative revenue collection up to October 2022 was Rs 5083.04 crores.
- The total cumulative generation of all NHPC Power Stations stood at 20134 Million Units at the end of October 2022.

As you are all aware that we shall be celebrating our 48th Raising Day on November 7th 2022, let us all resolve to serve NHPC with complete dedication and commitment. I convey my greetings to you and your family members on the auspicious occasion of Guru Nanak Jayanti.

Sincerely Yours,

(Y. K. Chaubey)
Chairman & Managing Director